14/01/2025

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज देश को मौसम के प्रति सजग और जलवायु के प्रति स्मार्ट राष्ट्र बनाने के लिए मिशन मौसम का शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री ने आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में भारतीय मौसम विभाग के 150वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में इस मिशन का शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री ने आईएमडी की 150 साल की लंबी यात्रा की सराहना करते हुए कहा कि यह सिर्फ भारतीय मौसम विभाग की यात्रा नहीं है, बल्कि यह देश में आधुनिक विज्ञान और प्रौद्योगिकी की शानदार यात्रा है। इस अवसर पर, श्री मोदी ने आईएमडी के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एक स्मारक सिक्का जारी किया।

000000000000000000000

पूर्व सैनिकों को उनके निस्वार्थ कर्तव्य और बलिदान को सम्मान देने के लिए आज पूरे भारत में कई स्थानों पर आठवा सशस्त्र बल भूतपूर्व सैनिक दिवस मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस के अवसर पर पूर्व सैनिकों के प्रति आभार व्यक्त किया, सोशल मिडीया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने उन तमाम शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की जिन्होनें राष्ट्र की रक्षा में अपने प्राणों की आहुती दी। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि राष्ट्र की रक्षा में वीर सैनिकों का योगदान अविस्मरणीय है, जिसने देश के गौरवशाली इतिहास और परंपरा को अक्षुण्ण रखा है।

00000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत प्रशिक्षण के हिस्से के रूप में सभी नौ सत्त विकास लक्ष्यों - SDG संस्करण कि सरहाना की। अपने एक सोशल मिडीया पोस्ट के माध्यम से उन्होने कहा है कि, यह गाँवों में लोकलाईजड सस्टैंनेबल डेवेलप्मेंट गोल्स को प्राप्त करने के उद्देश्य से एक अभुत पूर्व पहल है। श्री खांडू ने कहा कि इस प्रशिक्षण मॉड्यूल कि संकल्पना आर.डी. एंड पी.आर सचिव डॉ. सोनल स्वरूप द्वारा की गई है।

00000000000000000000

उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने आज लोहित जिले में बहुप्रतीक्षित परशुराम कुंड मेला 2025 का आधिकारिक उदघाटन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि, परशुराम कुंड क्षेत्र के समग्र विकास में अनुमानित ₹150 करोड़ का निवेश किया जाएगा, जिसका उद्देश्य यात्रियों के लिए सुविधाओं क विसतार करना और स्थल की पवित्रता को संरक्षित करना है। श्री मेन ने पवित्र स्थल पर आने वाले हजारों तीर्थयात्रियों का गर्मजोशी से स्वागत कर यह आश्वासन दिया कि, राज्य सरकार और स्थानीय प्रशासन ने उपस्थित लोगों के लिए सुचारू और सुखद अनुभव सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की हैं। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया गया है कि, मेला बिना किसी बाधा के आयोजित हो। बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के लिए सरकार के चल रहे प्रयासों पर प्रकाश डालते हुए, उपमुख्यमंत्री ने

PRASAD योजना के तहत किए जा रहे विकास कार्यों की भी जानकारी दी।

00000000000000000000

पासीघाट स्थित वेटरन्स सुविधा केंद्र में स्पीयर कोर गनर्स द्वारा आज सशस्त्र सेना वेटरन्स दिवस 2025 मनाया गया। कार्यक्रम में पासीघाट के 20 वेटरन्स और राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय के 40 छात्रों ने भाग लिया। इस दौरान एक चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन भी किया गया, जिसमें चिकित्सा विशेषज्ञ एवं डेंटिस्ट सहित तीन डॉक्टरों की टीम ने सभी वेटरन्स की जांच की। इस अवसर पर, वेटरन्स को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई साथ ही बढ़ती साइबर/वित्तीय धोखाधड़ी और एचएमपीवी वायरस के प्रकोप के खिलाफ सावधानियों के बारे में भी जागरूक किया गया।

00000000000000000000

राज्य के शिक्षा मंत्री पी.डी. सोना ने सोमवार को वेस्ट सियांग जिले के पाया में गालो वेलफेयर सोसाइटी के रजत जयंती समारोह के समापन कार्यक्रम में भाग लिया। अपने संबोधन में उन्होंने गालो समुदाय से समाज के साथ राज्य के उत्थान में भी काम करने का आग्रह किया। श्री सोना ने पाया में मेगा स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने के लिए जीडब्ल्यूएस की सराहना की, जहां हजारों लोगों को लाभ मिला हैं। शिक्षा मंत्री ने गालो समुदाय से पर्यटन उद्योग में संभावनाओं का लाभ लेने का भी आग्रह किया। चार दिवसीय कार्यक्रम में कई

गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए और राफ्टिंग प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम, फ़ूड फ़ेस्टिवल जैसी विभिन्न गतिविधियों में हिस्सा लिया।

00000000000000000000

विवेकानंद केंद्र अरुणज्योति ने कल राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर, पासीघाट स्थित जे.एन. कॉलेज ऑडिटोरियम में जिला स्तरीय पारंपरिक नृत्य और नाटक प्रतियोगिता का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य राज्य की समृद्ध परंपराओं, संस्कृति और अनुष्ठानों को संरक्षित करना था। प्रतियोगिता में ईस्ट सियांग उपायुक्त तायी ताग्गू, राज्य के प्रख्यात गीतकार और लेखक बोदोंग यिरांग और अन्य गणमान्य व्यक्तियों शिर्कत की। पारंपरिक नृत्य और नाटक प्रतियोगिता विवेकानंद केंद्र अरुणज्योति द्वारा में हर दूसरे वर्ष आयोजित की जाती है।

00000000000000000000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ **परीक्षा पे चर्चा** में भाग लेने के लिए इस वर्ष रिकॉर्ड तोड़, सवा तीन करोड़ छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों ने पंजीकरण कराया है। पंजीकरण कराने वालो में विदेशी छात्र भी शामिल हैं, जिससे इसकी वैश्विक पहचान और बढ़ गई है। हालांकि, आज पंजीकरण कराने की अंतिम तिथि है। इच्छुक प्रतिभागी समय सीमा से पहले **mygov.in** पर पंजीकरण कर सकते हैं।परीक्षा पे चर्चा का 8वां संस्करण विद्यालय स्तर पर आयोजित किया जा रहा है, जो 12 जनवरी को शुरू हुआ और 23 जनवरी को समाप्त होगा।

000000000000000000